फर्द अहकाम

कार्यालयः– न्यायालय जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, उदयपुर
अनवानः– आत्माराम त्रिवेदी बनाम कृष्णचन्द्र त्रिवेदी
किस्म मुकदमाः– विविध पत्रावली संख्याः– 02/25

कमांक	कार्यवाही विवरण	हस्ताक्षर पार्टी तथा सुचनाऐं जारी की गई।
	04.02.2026 पत्रावली पेश हुई। अधिवक्ता प्रार्थी उपस्थित। अधिवक्ता प्रार्थी द्वारा प्रकरण विड्रो करने बाबत् प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर निवेदन किया कि प्रकरण में विचारण न्यायालय के अधिकारी जो पूर्व में उनका ट्रांसफर हो गया है और नये अधिकारी अब प्रकरण में सुनवाई कर रहे है। प्रार्थी को नये अधिकारी से न्याय प्राप्त करने का पूर्व विश्वास है और इस कारण अब प्रार्थी आगे कोई कार्यवाही नहीं करना चाहता है। अतः निवेदन है कि प्रकरण ड्रोप फरमाने का आदेश प्रदान करावे। प्रस्तुत प्रार्थना पत्र एवं पत्रावली का अवलोकन किया गया। प्रकरण में विचारण न्यायालय के पीठासीन अधिकारी का स्थानांतरण हो जाने से प्रार्थी प्रकरण में आगे कोई कार्यवाही नहीं चाहते है। अतः प्रार्थी का प्रार्थनापत्र विड्रो से स्वीकार किया जाकर पत्रावली की कार्यवाही को इसी स्तर पर बन्द किया जाता है। प्रकरण फैसल शुमार हो। बाद किता शुमारी दफ्तर दाखिल हो। (नमित मेहता) जिला कलक्टर उदयपुर	